कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संत कबीर नगर

विज्ञप्ति

आवेदन की अंतिम तिथि– 17.03.2025

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा निर्गत Scheme for Para-Legal Volunteers के अन्तर्गत मा0 उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मौखिक निर्देश के क्रम में पराविधिक स्वयं सेवक/Para-Legal Volunteers की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाना है।

पराविधिक स्वयं सेवक/Para-Legal Volunteers के चयन हेतु निम्नलिखित श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

1. अध्यापक
2. आंगनबाड़ी कार्यकत्री
3. चिकित्सक
4. ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत अधिकारी
5. स्नातक/परास्नातक के छात्र/छात्रा
6. स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एंव कार्यकर्ता
7. महिला समूहों की सदस्यता
8. शिक्षित दोषसिद्ध बन्दी
9. सामाजिक कार्यकर्ता एवं पंचायतों तथा नगर पालिकाओं के सदस्य
10. सहकारी समितियों के सदस्य
11. व्यापार एवं श्रमिक संघो के सदस्य
12. जिले अथवा प्रदेश स्तर का विशिष्ट खिलाड़ी
13. ट्रांसजेण्डर समुदाय से सम्बन्ध रखने वाला व्यक्ति।
14. कोई अन्य व्यक्ति जिसे प्राधिकरण उपयुक्त पाये

उपरोक्तानुसार जो व्यक्ति पराविधिक स्वयं सेवक/Para-Legal Volunteers हेतु आवेदन करना चाहते हों, वे अपना आवेदन पत्र निम्नलिखित प्रारूप पर दिनांक 17.03.2025 को सायं 04 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संत कबीर नगर के कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं। नियुक्ति किये गये पैरालीगल वालन्टियर्स को विशिष्ट कार्यों जैसे, दूरवर्ती गांवे में जाकर विधिक सहायता सम्बन्धी पम्पलेट/बुकलेट आदि का विवरण/प्रचार–प्रसार करनें एवं लीगल एड क्लीनिक तथा फ्रण्ट ऑफिस में उपस्थित रहकर विधिक सहायता/सलाह देने, समय–समय पर जागरूकता प्रोग्राम आयोजित करने एवं ऐसे कार्य जो जिला प्राधिकरण से आवंटन हो, को पी0एल0वी0 द्वारा निःशुल्क रूप से किया जाएगा।

आवेदकों को अवगत किया जाता है कि उपरोक्त स्वयं सेवक की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार भी किया जाएगा।

चयन प्रक्रिया :–

उपरोक्त पदों हेतु चयन पूर्ण रूप से योग्यता एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। जिसमें अभ्यर्थी के कौशल और अनुभव को ध्यान में रखा जायेगा। नियुक्ति चयन समिति द्वारा चयन 01 वर्ष के लिए किया जाएगा तथा कार्य संतोषजनक होने पर वार्षिक सेवा विस्तार किया जा सकेगा।

उपरोक्त पदों हेतु आवेदन की अंतिक तिथि 17.03.2025 समय 04:00 बजे सायं तक की होगी। संलग्न प्रोफार्मा पूर्ण रूप से भरकर तथा आवश्यक दस्तावेजों की स्वःप्रमाणित प्रतियों के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संत कबीर नगर के कार्यालय में दिनांक 17.03.2025 समय 04:00 बजे सायं तक जमा किया जा सकता है। नियत तिथि के पश्चात् कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। आवेदन पत्र जनपद न्यायालय की वेबसाइट https://santkabirnagar.dcourts.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

दिनांक 24.02.2025

(महेन्द्र कुमार सिंह)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
संत कबीर नगर।

प्रतिलिपि :–

1. अध्यक्ष, जिला बार एसोसिएशन, संत कबीर नगर को अपने सूचना पट्ट पर चस्पा किये जाने हेतु।
2. अध्यक्ष, सिविल बार एसोसिएशन, संत कबीर नगर को अपने सूचना पट्ट पर चस्पा किये जाने हेतु।
3. जिला सूचना अधिकारी, संत कबीर नगर को इस आशय से प्रेषित की जनपद के समस्त समचार पत्रों में निःशुल्क विज्ञापन का प्रकाशन कराना सुनिश्चित करें तथा विज्ञापन की पेपर कटिंग कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
4. दीवानी न्यायालय सूचना पट्ट, कलेक्ट्रेट न्यायालय सूचना पट्ट, समस्त तहसीलों न्यायालयों के सूचना पट्ट, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ए0डी0आर0 भवन के सूचना पट्ट पर चस्पा किये जाने हेतु।
5. सिस्टम आफिसर, जनपद न्यायालय, संत कबीर नगर को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
6. जिला कारागार, संत कबीर नगर।

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
संत कबीर नगर।

पराविधिक स्वयं सेवक / Para Legal Volunteer (PLV) हेतु आवेदन–पत्र

Photo

सेवा में,

श्रीमान् अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संत कबीर नगर

1	आवेदक का नाम	
2	पिता/पिता का नाम	
3	स्थाई पता	
4	पत्र व्यवहार का पता	
5	जन्मतिथि	
6	शैक्षणिक योग्यता का विवरण	
7	जाति एवं वर्ग	
8	टेलीफोन/मोबाइल नं0 सहित	
9	अनुभव	
10	क्या कोई आपराधिक मुकदमा दर्ज है– हॉ/नहीं यदि हॉ तो विवरण	

मैं...एतदद्वारा यह उदघोषित करता/करती हूँ कि उपरोक्त सूचनायें मेरी निजी जानकारी में सही व सत्य है। यदि उपरोक्त सूचनायें गलत पायी जायें तो मेरा आवेदन पत्र निरस्त होने में मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

दिनांक ....
स्थाना ....

आवेदक के हस्ताक्षर